दृष्टि
The Vision



# करेंट अफेयर्स बिहार

## दिसंबर (संग्रह)

## 2021

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोन: 8750187501
ई-मेल: online@groupdrishti.com

# अनुक्रम


**बिहार** **3**

- बिहार विधानसभा में तकनीकी सेवा आयोग संशोधन विधेयक, 2021 पारित 3
- जमुई विधायक श्रेयसी सिंह ने गोल्ड मेडल जीता 3
- बिहार विनियोग (संख्या-4) विधेयक, 2021 पारित 3
- बिहार में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन 4
- 'नटखट साइंस लैब' 4
- बिहार शिक्षा विभाग और अक्षयपात्रा फाउंडेशन के बीच समझौता 5
- पटना मेट्रो 5
- चैंपियंस ऑफ चेंज रिपोर्ट 6
- 50 प्लस टू स्कूलों में साइंस लैब तैयार करेगा आईआईटी 6
- मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का किया उद्घाटन 6
- मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं का किया लोकार्पण, कार्यारंभ एवं शिलान्यास 7
- ऊर्जा प्रक्षेत्र की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण एवं शिलान्यास 7
- समाज सुधार अभियान 8
- सुशासन सूचकांक, 2021 में बिहार 8
- नीति आयोग स्वास्थ्य सूचकांक 2021 में बिहार 9
- मुख्यमंत्री ने आईएमए के 96वें राष्ट्रीय वार्षिक अधिवेशन का किया उद्घाटन 10


दृष्टि The Vision

**नोट :**

# बिहार

## बिहार विधानसभा में तकनीकी सेवा आयोग संशोधन विधेयक, 2021 पारित

### चर्चा में क्यों?

- 30 नवंबर, 2021 को बिहार विधानसभा के द्वारा तकनीकी सेवा आयोग संशोधन विधेयक पारित किया गया, जिसमें आयोग के अध्यक्ष के कार्यकाल में परिवर्तन किया गया है।

### प्रमुख बिंदु

- संशोधन विधेयक के अनुसार अब तकनीकी सेवा आयोग के अध्यक्ष का कार्यकाल 3 वर्ष या अधिकतम 70 वर्ष की आयु तक कर दिया गया है।
- सदन में विधेयक पेश करते हुए मंत्री विजेंद्र यादव ने बताया कि अब तक के प्रावधान के अनुसार, इस आयोग में नियुक्ति के लिये अनुभव की बाध्यता थी, जिसे इस संशोधन विधेयक में समाप्त कर दिया गया है।
- संशोधित विधेयक के अनुसार, अगर किसी कारणवश आयोग में अध्यक्ष का पद खाली होता है तो आयोग के वरिष्ठतम् सदस्य प्रभारी अध्यक्ष होंगे।
- विदित हो कि इस आयोग का नाम पहले बिहार तकनीकी कर्मचारी चयन आयोग था, परंतु वर्ष 2018 में एक संशोधन के तहत इसका नाम बिहार तकनीकी सेवा आयोग किया गया।

## जमुई विधायक श्रेयसी सिंह ने गोल्ड मेडल जीता

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय शूटर और बिहार की जमुई विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक श्रेयसी सिंह ने पटियाला में आयोजित 64वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल किया।

### प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि पंजाब के पटियाला में 22 नवंबर, 2021 से 64वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है, जो 14 दिसंबर, 2021 तक चलेगा।
- इस प्रतियोगिता में जमुई विधायक और शूटर श्रेयसी सिंह ने भी हिस्सा लिया था, उन्होंने महिलाओं की क्ले पीजन ट्रैप शूटिंग स्पर्धा में यह उपलब्धि हासिल की।
- उल्लेखनीय है कि श्रेयसी सिंह ने वर्ष 2019 में आयोजित 63वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप की शॉटगन स्पर्धा में भी बिहार के लिये स्वर्ण पदक जीता था ।

## बिहार विनियोग (संख्या-4) विधेयक, 2021 पारित

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में बिहार विधान मंडल में बिहार विनियोग (संख्या-4) विधेयक, 2021 पारित किया गया है।

नोट :

### प्रमुख बिंदु

- बिहार विनियोग (संख्या-4) विधेयक, 2021 के अंतर्गत अनुपूरक बजट के ज़रिये कुल 20,531 करोड़ 82 लाख 72 हज़ार रुपए की राशि समेकित निधि से विनियोजित की जाएगी।
- इस विधेयक में समग्र शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्याह्न भोजन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि में 5348 करोड़ रुपए का अनुपूरक उपबंध किया गया है।
- राज्य सरकार की अन्य महत्त्वपूर्ण योजनाओं, जैसे- पेयजल हेतु गंगाजल उद्वह योजना, पटना मेट्रो रेल परियोजना, मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना, सात निश्चय योजना, मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना, बाढ़ नियंत्रण, सिंचाई सृजन परियोजना आदि के लिये 6773 करोड़ रुपए का अनुपूरक उपबंध किया गया है।
- 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के आलोक में, स्थानीय स्तर पर आम आदमी को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु राज्य की पंचायती राज संस्थाओं एवं नगर निकायों को स्वास्थ्य प्रक्षेत्र के लिये कुल 1117 करोड़ रुपए का अनुपूरक प्रावधान किया गया है।
- छठे राज्य वित्त आयोग की अनुशंसा के आलोक में पंचायतों को 2130 करोड़ रुपए तथा नगर निकायों को 1445 करोड़ रुपए का अनुपूरक प्रावधान किया गया है।

## बिहार में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन

### चर्चा में क्यों?

- 4 दिसंबर, 2021 को मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने नगर विकास एवं आवास विभाग की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

### प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने पटना में मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में नगर विकास एवं आवास विभाग की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया।
- नीतिश कुमार ने स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत 15 योजनाओं का शिलान्यास एवं 12 योजनाओं का उद्घाटन किया।
- कार्यक्रम के दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग की विभिन्न योजनाओं से संबंधित वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया गया।
- इसके अलावा मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के द्वारा पं. दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के लाभान्वित स्वयं सहायता समूहों (479) को 81 लाख 50 हज़ार रुपए की कुल राशि ऋण के रूप में वितरित की गई।

## 'नटखट साइंस लैब'

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में भागलपुर ज़िले के विभिन्न सरकारी स्कूलों में 'नटखट साइंस लैब' खोले जाने की घोषणा की गई है।

### प्रमुख बिंदु

- 'नटखट साइंस लैब' के खुलने से छात्र-छात्राएँ अन्य प्रोजेक्ट, टीचिंग मैटेरियल, एक्ज़ीबिशन के लिये मॉडल, ज़िला से राष्ट्रस्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता तक के लिये मॉडल बना सकेंगे।
- इसमें किसी भी स्कूल के छात्र अपने अनुसार मॉडल बना सकेंगे तथा इसके लिये उन्हें कोई शुल्क भी नहीं देना होगा।
- शिक्षा विभाग भागलपुर की पहल पर अमेरिका के एबाको फाउंडेशन और करुणोदय फाउंडेशन द्वारा संचालित नटखट साइंस लैब ज़िले के सिर्फ एक स्कूल प्राथमिक विद्यालय मोक्षदा में खोली गई है।
- जनवरी तक भागलपुर ज़िले में दस लैब खोली जाएंगी। इसकी सफलता पर 300 अन्य केंद्र दो साल में खोलने की योजना है।
- लैब के प्रोजेक्ट हेड शेखर सुमन ने बताया कि लैब में सात शिक्षक को मास्टर ट्रेनर बनाया जा रहा है तथा इनके द्वारा अन्य स्कूलों के शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

नोट :

- इस लैब में कक्षा छह से 10वीं के छात्रों के लिये हर तरह के मॉडल बनाने की सुविधा है, जिसमें बेकार सामान से साइंस के मॉडल बनाने की समझ, रद्दी पेपर से क्राफ्ट बनाने की समझ, मिट्टी से नए-नए खिलौने बनाने की समझ को विकसित किया जाएगा।

## बिहार शिक्षा विभाग और अक्षयपात्रा फाउंडेशन के बीच समझौता

### चर्चा में क्यों?

- 8 दिसंबर, 2021 को बिहार के शिक्षा विभाग और बेंगलुरु के अक्षयपात्रा फाउंडेशन के बीच पटना, दानापुर व फुलवारी शरीफ के बच्चों को प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत मध्याह्न भोजन के लिये समझौता किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- शिक्षा विभाग स्थित मदन मोहन झा स्मृति सभागार में विभाग द्वारा पटना ज़िला के ज़िला कार्यक्रम पदाधिकारी (मध्याह्न भोजन) एवं अक्षयपात्रा फाउंडेशन, बेंगलुरु की ओर से फाउंडेशन के उपाध्यक्ष स्वामी अनंतवीर दास ने समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- इस समझौते के तहत अक्षयपात्रा फाउंडेशन द्वारा पटना ज़िले के दानापुर, फुलवारी शरीफ, पटना सदर प्रखंड व पटना सदर स्थित शैक्षणिक अंचल गोलघर के कुल 204 विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के लगभग 38 हज़ार बच्चों को मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।
- मध्याह्न भोजन निदेशक सतीश चंद्र झा ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच समझौते के तहत शिक्षा विभाग द्वारा बलदेव उच्च विद्यालय, दानापुर में अक्षयपात्रा फाउंडेशन को एक केंद्रीकृत रसोई घर निर्माण हेतु 0.5 एकड़ (50 डिसमिल) भूमि 10 वर्षों के लिये उपभोग के लिये दी जाएगी।
- फाउंडेशन द्वारा उक्त रसोई में पोषण मानक अनुरूप भोजन तैयार कर 204 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच उपलब्ध कराया जाएगा। शिक्षा विभाग इस कार्य में भोजन निर्माण अथवा वितरण के लिये परिवहन एवं मानक अनुरूप पोषक सामग्रियों के लिये कोई अतिरिक्त भुगतान का वहन नहीं करेगा। चैरिटी वर्क के तहत फाउंडेशन अपने साधन व श्रम का उपयोग करेगी।
- गौरतलब है कि अक्षयपात्रा फाउंडेशन भारत में एक गैर-सरकारी संगठन है, जिसका मुख्यालय बेंगलुरु में है। अक्षयपात्रा फाउंडेशन ने जून 2000 में बेंगलुरु (कर्नाटक) के पाँच सरकारी स्कूलों में 1,500 बच्चों को मध्याह्न भोजन परोस कर मध्याह्न भोजन कार्यक्रम शुरू किया।
- यह संगठन सरकारी स्कूलों और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में मिड-डे मील योजना को लागू करके कक्षा की भूख को खत्म करने का प्रयास करता है। साथ ही अक्षयपात्रा फाउंडेशन का उद्देश्य कुपोषण का मुकाबला करना और सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित बच्चों की शिक्षा के अधिकार का समर्थन करना है।

## पटना मेट्रो

### चर्चा में क्यों?

- 10 दिसंबर, 2021 को बिहार सरकार ने जानकारी दी कि यूरोपीय यूनियन, एशियाई विकास बैंक और जापान सरकार की एजेंसी 'जाइका'पटना मेट्रो के निर्माण के लिये आठ हज़ार करोड़ रुपए तक कर्ज़ देने के लिये तैयार हो गई हैं। ।

### प्रमुख बिंदु

- पटना मेट्रो रेल परियोजना पर 13365.77 करोड़ रुपए का खर्च प्रस्तावित है। इसमें 60 फीसदी राशि लोन लेने की योजना बनाई गई है। इसके लिये यूरोपीय यूनियन, जाइका और एडीबी की शर्तों के आधार पर लोन लेने की प्राथमिकता तय की जाएगी।
- पटना मेट्रो का ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर दानापुर से प्रारंभ होकर पटना रेलवे स्टेशन होते हुए मीठापुर तक जाता है। इसी तरह नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर पटना रेलवे स्टेशन से आकाशवाणी, गांधी मैदान, अशोक राजपथ, मोइनुल हक स्टेडियम, राजेंद्र नगर, कुम्हरार, बाईपास होते हुए न्यू आईएसबीटी तक जाएगा।
- पटना मेट्रो के डिपो की ज़मीन अधिग्रहण के लिये 1000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है और ज़मीन अधिग्रहण की अधिसूचना जारी कर दी गई है।

## चैंपियंस ऑफ चेंज रिपोर्ट

### चर्चा में क्यों?

- 11 दिसंबर, 2021 को नीति आयोग ने चैंपियंस ऑफ चेंज की डेल्टा रैंकिंग जारी की। इसमें बिहार के चार ज़िलों को शिक्षा के क्षेत्र में देश के पाँच सर्वश्रेष्ठ सुधार वाले ज़िलों में स्थान मिला है।

### प्रमुख बिंदु

- इस डेल्टा रैंकिंग में नीति आयोग ने झारखंड के दुमका के बाद बिहार के मुज़फ्फरपुर, औरंगाबाद, बांका और शेखपुरा ज़िलों की रैंकिंग देश में क्रमशः दूसरे, तीसरे, चौथे और पाँचवे स्थान पर करते हुए इन ज़िलों को परिवर्तन का चैंपियन घोषित किया है।
- नीति आयोग द्वारा ट्वीट कर सार्वजनिक की गई डेल्टा रैंकिंग अक्टूबर 2021 में ज़िलों के प्रदर्शन पर आधारित है। क्रमशः पाँच ज़िलों दुमका, मुज़फ्फरपुर, औरंगाबाद, बांका और शेखपुरा को नीति आयोग ने अक्टूबर 2021 के लिये आकांक्षी (एस्पिरेशनल) ज़िला घोषित किया है।
- शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय कुमार ने कहा कि नीति आयोग की यह मान्यता महत्त्वपूर्ण है। यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में तथा उनके दिशा-निर्देश पर क्वालिटी एजुकेशन को लेकर किये जा रहे कार्यों का परिणाम है।
- विदित हो कि नीति आयोग कई पैमानों पर देशभर के ज़िलों में से कुछेक को सर्वश्रेष्ठ ज़िला मानते हुए डेल्टा रैंकिंग जारी करता है। अक्टूबर 2021 में बिहार के चार जिले जिन मानकों पर सर्वश्रेष्ठ आँके गए हैं, उनमें राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण की रिपोर्ट, लाइब्रेरी की सुविधा, आधारभूत संरचना, टॉयलेट, पेयजल सुविधा आदि मुख्य हैं।

## 50 प्लस टू स्कूलों में साइंस लैब तैयार करेगा आईआईटी

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में बिहार माध्यमिक शिक्षा निदेशालय से मिली जानकारी के मुताबिक राज्य के चयनित 50 प्लस-टू स्कूलों में आईआईटी द्वारा विज्ञान की पढ़ाई में मदद दी जाएगी।

### प्रमुख बिंदु

- बिहार के चयनित स्कूलों में भौतिकी एवं रसायन विज्ञान की प्रयोगशालाओं को उपकरणों के साथ ही प्रायोगिक सामग्रियाँ भी उपलब्ध कराई जाएँगी। इनके शिक्षकों को प्रायोगिक कक्षाओं के बेहतर संचालन के लिये आईआईटी द्वारा ट्रेनिंग भी दी जाएगी।
- माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के मुताबिक पायलट प्रोजेक्ट के तहत आईआईटी ने पटना ज़िले के सात प्लस-टू स्कूलों में साइंस लैब स्थापित करने और शिक्षकों को तकनीकी दक्षता संबंधी प्रशिक्षण कार्य आरंभ कर दिया है तथा अन्य ज़िलों में मार्च तक यह कार्य पूरा होगा।
- इनमें बांकीपुर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, शहीद राजेंद्र प्रसाद सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (पटना हाईस्कूल), देवीपद चौधरी स्मारक (मिलर) उच्च माध्यमिक विद्यालय, टी.के. घोष एकेडमी, सर गणेशदत्त उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्रीगणेश उच्च माध्यमिक विद्यालय (बख्तियारपुर) एवं आरएसएम रेलवे एडेड उच्च विद्यालय (मोकामा घाट) शामिल हैं।
- 11वीं एवं 12वीं कक्षा के भौतिकी तथा रसायन विज्ञान के प्रायोगिक पाठ्यक्रम, उसके आधार पर प्रयोगशालाओं में उपकरणों एवं प्रायोगिक सामग्रियों की आवश्यकता पर आईआईटी पटना के विशेषज्ञों की टीम कार्य कर रही है।

## मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का किया उद्घाटन

### चर्चा में क्यों?

- 14 दिसंबर, 2021 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विकास भवन में स्वास्थ्य विभाग के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का उद्घाटन तथा निरीक्षण किया।

नोट :

### प्रमुख बिंदु

- निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग का यह देश में पहला कमांड एंड कंट्रोल सेंटर है। इसके माध्यम से सभी स्वास्थ्य केंद्रों की मॉनिटरिंग, मेडिकल उपकरणों सहित डाटा की निगरानी एवं उनके विश्लेषण किये जाएंगे।
- पायलट प्रोजेक्ट के रूप में मुज़फ्फरपुर एवं नालंदा में इसकी शुरुआत की गई है। मुख्यमंत्री ने कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से ज़िला अस्पताल मुज़फ्फरपुर की ओ.पी.डी. में डॉक्टर और मरीज़ से बातचीत कर वहाँ इलाज और सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। साथ ही नालंदा अस्पताल की ओ.पी.डी. का भी निरीक्षण किया।
- इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 से स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई काम किये गए हैं। पहले लैंडलाइन टेलीफोन के माध्यम से मुख्यमंत्री सचिवालय एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा अस्पतालों में चिकित्सकों से बातकर जानकारी ली जाती थी। अब नई तकनीक के माध्यम से स्वास्थ्य के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों को और प्रभावी ढंग से क्रियान्वित एवं नियंत्रित किया जा सकेगा।

## मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं का किया लोकार्पण, कार्यारंभ एवं शिलान्यास

### चर्चा में क्यों?

- 14 दिसंबर, 2021 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान के 'सभागार' में 1919 करोड़ 95 लाख रुपए की लागत वाली 772 विभिन्न योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलान्यास, कार्यारंभ, उद्घाटन एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने जमुई में भी लगभग 500 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिलान्यास किया।

### प्रमुख बिंदु

- इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संस्थान के परिसर में टेलीमेडिसिन स्टूडियो (ई-संजीवनी) का शुभारंभ कर निरीक्षण किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कॉफी टेबल बुक 'मीमांशा-2021' का विमोचन भी किया।
- मुख्यमंत्री ने 9 स्वास्थ्यकर्मियों (चिकित्सक, ए.एन.एम., लैब टेक्नीशियन एवं कोल्ड चेन टेक्नीशियन) को सांकेतिक रूप से नियुक्ति-पत्र प्रदान किया तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बेहतर कार्य करने वाले ज़िलों को भी सम्मानित किया। इसमें प्रथम डोज के लिये पूर्णिया, सहरसा, गया, पटना एवं सिवान को, जबकि दूसरी डोज के लिये सहरसा, गोपालगंज, सिवान, पूर्वी चंपारण एवं पश्चिमी चंपारण को सम्मानित किया गया।
- कोरोना काल में बेहतर कार्य करने के लिये मुख्यमंत्री ने विशेष सचिव सह कार्यपालक निदेशक राज्य आयुष समिति अरविंदर सिंह, अपर कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति अनिमेश कुमार पराशर, ओ.एस.डी. स्वास्थ्य विभाग रेणु देवी, असिस्टेंट डायरेक्टर राज्य स्वास्थ्य समिति मनीष रंजन, स्टेट प्रोग्राम मैनेजर, राज्य स्वास्थ्य समिति विवेक कुमार सिंह तथा पी.एम.यू. हेल्थ डिपार्टमेंट की धन्या शशि व सना जैन को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।
- मुख्यमंत्री ने बिहार राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के 'डिजिटल ब्लड डोनर' कार्ड रक्तदाता मुंगेर के पत्रकार त्रिपुरारी कुमार मिश्रा तथा सीतामढ़ी की चिकित्सक डॉ. प्रतिमा आनंद को वितरित किया।

## ऊर्जा प्रक्षेत्र की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण एवं शिलान्यास

### चर्चा में क्यों?

- 15 दिसंबर, 2021 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बी.एस.पी.एच.सी.एल. कॉलोनी स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम में ऊर्जा प्रक्षेत्र की 3452.11 करोड़ की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने 12,657 करोड़ रुपए लागत की स्मार्ट प्री-पेड मीटर की राज्यव्यापी योजना के कार्यान्वयन की शुरुआत की।

### प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री द्वारा 725.26 करोड़ रुपए की योजनाओं का उद्घाटन किया गया, जबकि 2726.85 करोड़ रुपए की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया गया।
- वितरण कंपनियों के अधीन कुल 325 करोड़ रुपए लागत के 48 विद्युत शक्ति उपकेंद्र का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया है। 874 करोड़ रुपए की लागत से कुल 7 ग्रिड सब स्टेशन से वितरण प्रणाली तक ट्रांसमिशन लाइन तथा 817.35 करोड़ रुपए लागत की बक्सर ताप विद्युत प्रतिष्ठान से विद्युत निकासी हेतु संचरण लाइन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि 200 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र बिहार में लगने जा रहा है। जमुई और बांका में 100-100 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयत्र पर काम शुरू किया जाएगा। सतलज जल विद्युत निगम लिमिटेड द्वारा ये संयंत्र लगाए जाएंगे। इस पर 1000 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी।
- देश में बिहार ऐसा पहला राज्य है, जहाँ स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगाया जा रहा है। वर्ष 2019 से बिहार में स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगना शुरू हो चुका है। विद्युत विभाग ने लक्ष्य निर्धारित किया है कि पाँच चरणों में मार्च 2025 तक हर घर तक स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगा दिया जाएगा।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली बिल को लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम में शामिल किया गया है ताकि लोगों की शिकायतों का समाधान हो सके।
- स्मार्ट प्री-पेड मीटर से बिजली का दुरुपयोग नहीं हो सकेगा। बिजली के उपभोक्ताओं को भी इससे फायदा होगा। लोग जितनी बिजली की खपत करेंगे, उन्हें उतना ही बिजली बिल देना पड़ेगा।

## समाज सुधार अभियान

### चर्चा में क्यों?

- 22 दिसंबर, 2021 को मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के द्वारा मोतिहारी के गांधी मैदान में दीप प्रज्ज्वलित कर बिहार में समाज सुधार अभियान की शुरुआत की गई।

### प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने कहा कि विकास के साथ-साथ समाज सुधार भी आवश्यक है। इसी उद्देश्य से राज्य में शराबबंदी लागू की गई है।
- शराबबंदी अभियान के तहत 21 जनवरी, 2017 को मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया था, जिसमें 4 करोड़ से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया था।
- विदित हो कि 5 अप्रैल, 2016 से बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू की गई है। इसके पूर्व 1 अप्रैल, 2016 को केवल ग्रामीण इलाकों में ही देशी और विदेशी शराब पर रोक लगाई गई थी।
- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बाल विवाह, दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों से लोगों को बाहर निकलने का आह्वान किया।
- इस दौरान जीविका दीदियों ने स्वागत गान गाया तथा कला जत्था के कलाकारों ने नशामुक्ति से संबंधित जागरुकता गीत प्रस्तुत किया।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री के द्वारा मुख्यमंत्री जीविकापार्जन योजना के तहत 4.5 करोड़ रुपए की राशि जीविका दीदियों को डमी चेक के रूप में प्रदान की गई। साथ ही 7252 स्वयं सहायता समूह को बैंकों द्वारा प्रदत्त 95 करोड़ 50 लाख रुपए की राशि का डमी चेक भी मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान किया गया।

## सुशासन सूचकांक, 2021 में बिहार

### चर्चा में क्यों?

- 25 दिसंबर, 2021 को सुशासन दिवस के अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के द्वारा सुशासन सूचकांक जारी किया गया, जिसमें ग्रुप 'बी' में बिहार को 6वीं रैंक प्राप्त हुई है।

नोट :

### प्रमुख बिंदु

- जीजीआई-2021 में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को चार श्रेणियों- समूह ए, समूह बी, पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्य, केंद्र शासित प्रदेश में बाँटकर रैंकिंग दी गई है। जीजीआई-2021 तैयार करने के लिये 10 क्षेत्रों के 58 संकेतकों पर विचार किया गया है।
- बिहार ने सुशासन सूचकांक की समग्र रैंकिंग में 4.624 स्कोर के साथ ग्रुप 'बी'में 6वीं रैंक प्राप्त किया है, वहीं मध्य प्रदेश ने इस ग्रुप में प्रथम रैंक प्राप्त किया है तथा गुजरात ने ग्रुप 'ए'में प्रथम रैंक प्राप्त की है।
- बिहार ने पिछले सूचकांक (2019) की तुलना में अपने स्कोर में 5 प्रतिशत की वृद्धि की है। पिछली बार इसका स्कोर 4.40 था, जो अब बढ़कर 4.624 हो गया है।
- बिहार ने मूलत: सार्वजनिक अवसंरचना और उपयोगिता, समाज कल्याण एवं विकास क्षेत्र तथा न्यायिक एवं सार्वजनिक सुरक्षा क्षेत्र में सुधार किया है।
- सुशासन सूचकांक 10 क्षेत्रों पर आधारित है, जिसमें बिहार की रैंकिंग तथा स्कोर निम्नलिखित हैं-

| क्षेत्र | बिहार की रैंकिंग | स्कोर |
|---|---|---|
| 1. कृषि और संबद्ध क्षेत्र | 6वीं | 0.442 |
| 2. वाणिज्य एवं उद्योग क्षेत्र | 7वीं | 0.626 |
| 3. मानव संसाधन विकास क्षेत्र | तृतीय | 0.507 |
| 4. सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र | तृतीय | 0.287 |
| 5. सार्वजनिक अवसंरचना और उपयोगिता क्षेत्र | प्रथम | 0.754 |
| 6. आर्थिक शासन क्षेत्र | 5वीं | 0.417 |
| 7. समाज कल्याण एवं विकास | 8वीं | 0.385 |
| 8. न्यायिक एवं सार्वजनिक सुरक्षा | 7वीं | 0.227 |
| 9. पर्यावरण क्षेत्र | 7वीं | 0.330 |
| 10. नागरिक केंद्रित शासन | चतुर्थ | 0.469 |

## नीति आयोग स्वास्थ्य सूचकांक 2021 में बिहार

### चर्चा में क्यों?

- 27 दिसंबर, 2021 को सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग ने 2019-20 के लिये अपने स्वास्थ्य सूचकांक का चौथा संस्करण जारी किया, जिसमें समग्र स्वास्थ्य प्रदर्शन के आधार पर राज्यों की रैंकिंग की गई। इसमें बड़े राज्यों में समग्र स्वास्थ्य प्रदर्शन के मामले में बिहार 18वें स्थान पर है, वहीं केरल शीर्ष पर है।

### प्रमुख बिंदु

- रिपोर्ट को तीन भागों में बाँटा गया था- बड़े राज्य, छोटे राज्य और केंद्रशासित प्रदेश। छोटे राज्यों में मिज़ोरम सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला राज्य रहा जबकि नागालैंड सबसे नीचे रहा।
- नीति आयोग का स्वास्थ्य सूचकांक एक भारित समग्र स्कोर है, जिसमें स्वास्थ्य प्रदर्शन के प्रमुख पहलुओं को शामिल करते हुए 24 संकेतक हैं।
- बड़े राज्यों में समग्र स्वास्थ्य प्रदर्शन के मामले में बिहार 31.00 स्कोर के साथ 19 राज्यों में 18वें स्थान पर है। वहीं केरल 82.20 स्कोर के साथ पहले , तमिलनाडु 72.42 स्कोर के साथ दुसरे एवं तेलंगाना 69.96 स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर हैं।
- नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रशासित प्रदेशों में चंडीगढ़ शीर्ष पर है, उसके बाद दादरा और नगर हवेली दूसरे नंबर पर तथा दिल्ली तीसरे नंबर पर है।

नोट :

# मुख्यमंत्री ने आईएमए के 96वें राष्ट्रीय वार्षिक अधिवेशन का किया उद्घाटन

## चर्चा में क्यों ?

- 28 दिसंबर, 2021 को मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र स्थित बापू सभागार में आईएमए के 96वें राष्ट्रीय अधिवेशन का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया।

### प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएमसीएच राज्य का सबसे पुराना अस्पताल है। इसको अंतर्राष्ट्रीय स्तर का मेडिकल कॉलेज अस्पताल बनाया जाएगा। चार वर्ष में तीन पेज में इसका निर्माण कार्य पूर्ण होगा। यह 5400 से अधिक बेड का अस्पताल होगा।
- उन्होंने कहा एनएमसीएच भी 2500 बेडों का होगा। भागलपुर, मुज़फ्फरपुर और गया के मेडिकल कॉलेज भी 2500 बेडों का अस्पताल होगा। दरभंगा में राज्य के दूसरे एम्स का निर्माण कराया जाएगा।
- कार्यक्रम के दौरान विशेष आउटलुक पत्रिका एवं स्मारिका का विमोचन मुख्यमंत्री सहित अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने किया।
- कार्यक्रम के दौरान डॉ. जे.ए. जयालाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष आईएमए (2020-21) ने डॉ. सहजानंद सिंह को वर्ष (2021-22) के लिये आईएमए के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में अपना माला पहनाकर उनको कार्यभार सौंपा।
- कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने डॉ. ए.एन. हरि राव को डॉ. ए.एन. सिन्हा पुरस्कार तथा डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा को डॉ. केतन देसाई पुरस्कार से सम्मानित किया। साथ ही डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह को प्रतीकात्मक मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।